बिरसा मुंडा की 151 वी जयंती जनजाति गौरव उत्सव के रूप में मनाई जायेगी : दिलावर

अलवर। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अलवर पर भगवान बिरसा मुंडा की 151 वी जयंती जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भाजपा द्वारा आगामी जनजातीय गौरव सप्ताह विषय पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसे राजस्थान के शिक्षा पर पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए मदन दिलावर ने कहा

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महाननायक, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती और जनजाति गौरव दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर राजस्थान प्रदेशभर में 11 नवंबर से 23 नवंबर, 2026 तक जनजाति गौरव सप्ताह का भव्य और व्यापक आयोजन किया जा रहा है।

इस राष्ट्रव्यापी आयोजन का मुख्य उद्देश्य जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति, स्वाभिमान और देश के स्वतंत्रता संठााम में उनके अतुलनीय योगदान को जन-जन तक पहुँचाना है।



भगवान बिरसा मुंडा की 151 वी जयंती मनाने के सम्बंध में पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने पत्रकारों को संबोधित किया।

भगवान बिरसा मुंडा (1875-1900) ने अपने अल्प जीवन में ब्रिटिश उपनिवेशवादी सत्ता और सामंती शोषण के विरुद्ध जनजाति समाज को संगठित किया। वे केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि एक महान धार्मिक-समाज सुधारक और जनजाति संस्कृति के सच्चे संरक्षक व प्रेरणास्त्रोत्र थे। वर्ष 2021 में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 नवंबर (भगवान बिरसा मुंडा की जयंती) को जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाने की ऐतिहासिक घोषणा की गई थी। आज केंद्र और राज्य सरकार जनजातीय समावेषी विकास-शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार और वनोपज के मूल्य संवर्धन-के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

> ■ **वे केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि एक महान धार्मिक-समाज सुधारक और जनजाति संस्कृति के सच्चे संरक्षक व प्रेरणास्त्रोत्र थे**

'शिक्षा के बिना व्यक्ति, समाज तरक्की नहीं कर सकता'

मनोहरपुर । कांग्रेसी नेता नदीम पठान ने कहा कि 11 नवंबर को देशभर में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय शिक्षा दिवस भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद जी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस अवसर पर कई आयोजन किए जाते है। पठान ने कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी ताकत है। शिक्षा के बिना व्यक्ति, समाज और देश कभी तरक्की नहीं कर सकता।

पठान ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आज़ाद जी ने देश में शिक्षा की नींव को मजबूत करने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने हमेशा कहा था कि शिक्षा से ही गरीबी, अंधविश्वास और पिछड़ापन दूर हो सकता है। आज हमें उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ना है। कार्यक्रम में पठान ने बच्चों को नियमित विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ने, बड़ों का सम्मान करने और अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करने की प्रेरणा दी। बच्चों ने भी शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

सार-समाचार

भाई दूज पर बसों में सीट के लिए मारामारी



भरतपुर । भाई दूज पर बसों में सीट के लिए हुई मारामारी, हीरादास बस स्टैंड पर उमड़ा यात्रियों की भीड़ का सैलाब, बहनों को करना पड़ा घंटों तक इंतजार। दीपावली पर्व को देखतें हुए रोडवेज प्रशासन द्वारा अतिरिक्त बसों का प्रबंध नहीं किया गया। रोडवेज प्रशासन की लापरवाही आई सामने। रोडवेज के दो डिपो भरतपुर एवं लोहागढ़ आगार होने एवं सीनियर अधिकारियों की मौजूदगी के बावजूद रोडवेज प्रबंधन में लापरवाही सामने आई है। भाई दूज के पर्व पर भरतपुर के हीरादास बस स्टैंड पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही बस स्टैंड पर यात्रियों का हुजूम नजर आया। भाई दूज पर बहनें अपने भाइयों को तिलक करने और दौज जीमने के लिए मायके और ससुराल की ओर रवाना हुईं। त्योहार के चलते बसों में यात्रियों की संख्या बढ़ने से सीट पाने के लिए मारामारी की स्थिति बन गई। हालात ऐसे रहे कि बस के बस स्टैंड पर पहुंचते ही यात्री सीट पाने के लिए चढ़ने की जल्दी में नजर आए। महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ा। कई महिलाएं भाइयों के लिए मिठाई और उपहार लेकर सफर कर रही हैं, लेकिन बसों में जगह नहीं मिलने के कारण उन्हें काफी देर तक इंतजार करना पड़ रहा है। बस स्टैंड पर नदबई जाने के लिए बस का इंतजार कर रही महिला यात्री ने बताया कि वह भाई दूज पर अपने भाई को दौज जीमने के लिए नदबई जा रही हैं। पिछले एक घंटे से बस का इंतजार कर रही हैं, लेकिन बस नहीं मिलने से काफी परेशानी हो रही है। त्योहार के दिन भी समय पर बस नहीं मिलने से यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए परिवहन विभाग ने अतिरिक्त बसों का संचालन शुरू किया है। दिल्ली, अलवर, जयपुर, आगरा, मथुरा, नदबई, बयाना और रूपवास सहित प्रमुख रूटों पर बसों के फेरे बढ़ाए गए हैं । बस स्टैंड पर यात्रियों की भीड़ और बसों में चढ़ने की आपाधापी को देखते हुए पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है, ताकि व्यवस्था बनी रहे और यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो। भाई दूज के चलते सुबह से ही बस स्टैंड पर यात्रियों की आवाजाही जारी रही।

श्री पंचमुखी दरबार सेवा समिति ने बांटे कंबल

भीलवाड़ा । धार्मिक आस्था के साथ मानव सेवा और परोपकार की भावना को आत्मसात करते हुए श्री पंचमुखी दरबार सेवा समिति, भीलवाड़ा की ओर से अन्नकूट पर्व के पावन अवसर पर जरूरतमंद एवं निर्धन परिवारों को कंबल वितरित किए गए। इस सेवा कार्य के जरिए बढ़ती सर्दी के मौसम में गरीबों को राहत पहुंचाने के साथ-साथ समाज में संवेदनशीलता और भाईचारे का संदेश दिया गया। धार्मिक पर्वों का उद्देश्य समाज सेवा: महंत लक्ष्मण दास त्यागी: समिति के अध्यक्ष महंत लक्ष्मण दास त्यागी ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा, दान और परोपकार को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। धार्मिक पर्व केवल पूजा-पाठ या उत्सव तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये हमें समाज के असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता करने की गहरी प्रेरणा देते हैं। इसी उद्देश्य के साथ अन्नकूट के पावन पर्व पर कंबल वितरण का यह नेक कार्य किया गया। सामाजिक सरोकारों में निरंतर अग्रणी है समिति : समिति के महामंत्री परमेश्वर दास ने जानकारी दी कि श्री पंचमुखी दरबार सेवा समिति निरंतर धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है।

सार-समाचार

नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने संभाली जिम्मेदारी



मानपुरा माचैड़ी। शुक्रवार को ग्राम पंचायत मानपुरा माचैड़ी के नवनिर्वाचित सरपंच सुल्तान नेगी एवं उपसरपंच जितेंद्र सिंह शेखावत ने 20 वार्ड पंचों के साथ विधिवत रूप से कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत परिसर में उत्साह का माहौल रहा कार्यभार ग्रहण करने के दौरान नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने ग्राम पंचायत के विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंनामीणों को विश्वास दिलाया कि सभी वार्डों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जाएंगे तथा आमजन की समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे । इस अवसर पर ग्रामीणों एवं समर्थकों ने नवनिर्वाचित सरपंच, उपसरपंच एवं सभी वार्ड पंचों को शुभकामनाएं दीं।

त्रिवेणी धाम में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

शाहपुरा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष तारा अठावाल एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने नगरपरिषद शाहपुरा क्षेत्र त्रिवेणी धाम में ''राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस ''पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में त्रिवेणी धाम में आये हुए उपस्थित नागरिकों को बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वावधान में सम्पूर्ण भारत में उन समुदाय, नागरिकों को जो गरीबी रेखा के कारण न्याय सबको मिले, सुलभ हो, न्याय पाने से वंचित रह गए है उन अशिक्षित होने के कारण अपनी बात कहने में असमर्थ है,उन तबकों में असहाय महिलाएं, बच्चे, दिव्यांग पीड़ित महिला पुरूष, जो आवेदन फार्म भरना नहीं जानते। उन्हें न्याय मिल सके। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने समस्त नागरिकों की समस्याओं के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है 15100 यह फ्री मिस कॉल नम्बर पर आपकी समस्याओं के लिए फोन करें। सबको न्याय मिलेगा। यह न्याय सबके लिए है। सबको न्याय पाने का अधिकार है। संविधान प्रदत मौलिक अधिकार में शिक्षा, डिजिटल महिलाओं एवं विद्यार्थियों को कम्प्यूटर शिक्षा, मूलभूत सुविधाएं, चिकित्सा एवं सबको न्याय सुलभ हो, एवं निशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध हो, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रत्येक जिला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिया गया है। उन्हें पैनल एडवोकेट के द्वारा, या अधिकार मित्र के द्वारा जो इन लोगों की समस्याओं को बारीकी से अध्ययन करते है। उन्हें जागरूक करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार इनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए इन तबकों के लोगों का आधार कार्ड, जन आधारकार्ड, बैंक में खाता खुलवाने से लेकर पीड़ित दिव्यागों के वरिष्ठ नागरिक वृद्धावस्था पैंशन योजना में सहयोग भी करते है।''अधिकार मित्र न्यायालय की एक कड़ी है, यह इकाई न्याय की पहुंच के विश्वास को '' जो इन पीड़ित लोगों के मध्य

मौलाना आजाद की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

कोटा । भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रख्यात शिक्षाविद्, विचारक एवं देश के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के अवसर पर बुधवार को एक निजी शिक्षण संस्थान में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। उनके अतुलनीय योगदान पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन शाहरुख खान शायर ने किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता सिराज अहमद अंसारी, ए.एम.पी. कन्वीनर, कोटा ने मौलाना आजाद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वें भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में शामिल थे। उन्होंने अपनी लेखनी, विचारों और नेतृत्व के माध्यम से देश में राष्ट्रीय चेतना, एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत किया। वक्ता नूर अहमद पठान ने कहा कि मौलाना आजाद का मानना था कि किसी भी देश की तरक्की का आधार उसकी शिक्षा व्यवस्था होती है। शिक्षा के बिना समाज और राष्ट्र का समुचित विकास संभव नहीं है। देश के प्रथम शिक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने शिक्षा के विस्तार, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान और शैक्षणिक संस्थानों के विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए। वक्ता जाहिद निजामी मस्तान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मौलाना आजाद ने हमेशा समाज के प्रत्येक वर्ग तक शिक्षा पहुंचाने पर जोर दिया। वे शिक्षा को केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण का आधार मानते थे।

भाई दूज के अवसर पर कैदी भाइयों को तिलक लगाने पहुंची बहनें

दूज को भाई के तिलक लगाकर बहनों ने लम्बी आयु की कामना की, बदले में भाईयों ने बहनों को गिफ्ट दिये

भरतपुर (निसं)। भरतपुर जिला ब्रज क्षेत्र में आता है और ब्रज क्षेत्र होने की वजह से यहाँ भाई दूज का विशेष महत्व रहता है भाई बहन के प्रेम के प्रतीक भाई दूज का त्यौहार आज भरतपुर में उल्लास और परंपरागत तरीके के साथ मनाया जा रहा है जहाँ बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर टीका लगाकर उनकी दीर्घायु की कामना की वही भाइयों ने अपनी बहनों को उपहार देकर उनकी रक्षा करने का वचन दिया । बस स्टैंड पर महिलाओं की काफी भीड़ देखने को मिली है।

केन्द्रीय कारागार सेवर जेल में भी बहनें अपने कैदी भाइयों को तिलक लगाने के लिए पहुंची जहाँ उन्होंने मैन गेट पर बैठ कर बाहर से ही अपने भाइयों को तिलक लगाया जहाँ जेल प्रशासन की तरफ से पूरा इंतजाम किया गया था जेल प्रशासन ने बहनों को मिठाई खिलाने की और तिलक लगाने की अनुमति दी थी जिस पर बहने अपने भाइयों के तिलक लगाकर मुंह मीठा कर उनकी लंबी आयु की कामना की इस मौके पर भाइयों से मिलकर बहनें और भाई भावुक हो गये बहिने अपने आँसुओं को नहीं रोक पाई।

आज सुबह बहिनों ने सबसे पहले पूजा पाठ कर दौज माता की कहानी सुनी और फिर भाइयों के तिलक लगाकर उन्हें मिठाई खिलाई आज के दिन केंद्रीय कारागार सेवर में भी बंदी भाइयों से मिलने उनकी बहिने पहुंची जहाँ जेल प्रशासन ने बड़ी शालीनता से भाई-बहिनो को मिलवाया द्य भाई दौज पर रोडवेज बस स्टैंड पर भी भारी भीड़ देखने को मिली बसें आते ही फुल हो जाती बस में बैठने के लिए भी महिलाओं और पुरुषों को मशक्कत करते देखा गया है।

> ■ **जेल प्रशासन ने बहनों को मिठाई खिलाने की और तिलक लगाने की अनुमति दी थी जिस पर बहने अपने भाइयों के तिलक लगाकर मुंह मीठा कर उनकी लंबी आयु की कामना की इस मौके पर भाइयों से मिलकर बहनें और भाई भावुक हो गये बहिने अपने आँसुओं को नहीं रोक पाई**

15 लोगों ने डोनेट की एसडीपी

कोटा । पांच दिवसीय दीपावली महोत्सव के दौरान जहां एक और कोटा शहर खुशियां मना रहा था वहीं दूसरी और टीम जीवनदाता के रक्तवीर लोगों की सेवा करने में जुटे हुए थे, किसी ने दीपावली की खुशियों को दरकिनार कर एसडीपी डोनेशन किया तो किसी ने गोवर्धन पूजा के दौरान एसडीपी डोनेशन कर मानवीय कर्तव्य निभाया। किसी ने घर परिवार को छोड़कर दिवाली पर एसडीपी डोनेशन किया तो किसी ने देर रात दौड़ते हुए अनजान की जान बचाने का प्रयास किया। लायन क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि पांच दिवसीय दीपोत्सव के दौरान 15 लोगों ने एसडीपी इंडोनेशियन किया जिसमें चेतन राठौड़ बी नेगेटिव, सतीश शर्मा बी नेगेटिव, अतुल विजय ओ पॉजिटिव, रजनीश खंडेलवाल बी पॉजिटिव, वर्धमान जैन ए पॉजिटिव, मनीष माहेश्वरी बी पॉजिटिव व शनि कश्यप बी नेगेटिव ने दिवाली पर अपनी व्यस्तताओं को छोड़कर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीजों की पूर्ण मनोभाव से सेवा की ।

कांग्रेस एवं भाजपा के बड़े नेता नहीं आए चुनाव प्रचार में

भरतपुर (निसं)। पंचायत राज चुनावों के संबंध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं राजस्थान कांग्रेस के सह प्रभारी चिरंजीव राव का भरतपुर पधारने पर लुधाबई टोल प्लाजा पर जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा एवं डीग जिलाध्यक्ष राजीव सिंह कुम्हेर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सूत की माला पहनाकर स्वागत किया।

जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि जिले में चल रहे पंचायती राज चुनावों के संबंध में होटल निहाल पैलेस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में चिरंजीवी राव ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए राजस्थान में भाजपा की रीतिनीतियों की जमकर आलोचना की। राव ने कहा कि आम जनता के मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं जिनमें केवल कांग्रेसी कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि अन्य दलों तथा सामाजिक कार्यकर्ता भी सरकार के खिलाफ साथ दे रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की जनता भाजपा सरकार के कारनामों को जान चुकी है और भाजपा को उखाड़कर फेंकने का मन बना चुकी है। श्री राव ने ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त समस्याओं का जिक्र करते हुए खाद बीज की किल्लत, बिजली किल्लत, ग्रामीण विकास योजनाओं में फंड की कमी आदि का जिक्र करते हुए कहा कि इस बार पंचायत चुनावों में कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से चुनाव जीतेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद श्री चिरंजीवी राव ने सभी कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त करते हुए पंचायत चुनावों के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में में जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा एवं डीग जिलाध्यक्ष राजीव सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं एवं पत्रकारों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए पंचायत राज चुनावों में संबंधित क्षेत्रों में जाकर तुरंत पार्टी हित में कार्य करने का आव्हान किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में धौलपुर सांसद भजन लाल जाटव, जिला प्रभारी देशराज मीणा, हरजीत सांखला, प्रेम प्रजापति, लोकपाल सिंह सहित काफी कार्यकर्ता मौजूद थे।

> ■ **कांग्रेस के एआईसीसी सचिव एवं राजस्थान के सह प्रभारी चिरंजीव राव आए भरतपुर**
> ■ **पंचायत राज चुनावों के संबंध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं राजस्थान कांग्रेस के सह प्रभारी चिरंजीव राव का भरतपुर पधारने पर लुधाबई टोल प्लाजा पर जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा एवं डीग जिलाध्यक्ष राजीव सिंह कुम्हेर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया**

महिला मुखिया को आटे के कट्टे वितरित

भीलवाड़ा(निसं)। मानव दया अभियान के तहत राजस्थान जनमंच द्वारा अंतिम छोर पर खड़े निर्धन गरीब झुग्गी झोपड़ी में निवासरत परिवारों को 5 किलो आटे के कट्टे 90 परिवारों की महिला मुखिया को राजस्थान जन मंच अध्यक्ष भाजपा नेता कैलाश सोनी, समाजसेवी कमल सोनी द्वारा काशीपुरी रोड पर निशुल्क वितरित किए।

विदित रहे कि पिछले 5 वर्षों से लगातार प्रत्येक महीने की अमावस को आटे के कट्टे वितरित किए जा रहे है इस दौरान अब तक 27500 किलो आटा का वितरण किया जा चुका है।

नाम परिवर्तन

मैं, संदीप अरोड़ा, पुत्र स्वर्गीय श्री भगत सिंह, निवासी 70/18, सेक्टर-7, पटेल मार्ग, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थानने अपना नाम संदीप अरोड़ा कुकरेजा से बदलकर संदीप अरोड़ा कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन

(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय... उपखण्ड अधिकारी...
स्थान...किशनगढ रेनवाल
प्रहलाद वगै. विरूद्ध कैलाशचन्द वगै.
वाद बाबत तकासमा व स्थाथी निषेधाज्ञा
वाद संख्या 34/2026

नाम पूजा पुत्री सुरजाराम अहीर, विमलादेवी पत्नी जगदीश प्रसाद मीणा, कालूराम पुत्र भीवाराम मीणा, रेखा पुत्री छाजूराम माता छोटी देवी मीणा निवासी लालासर तहसील कि0 रेनवाल, ज्योति पुत्री सांवताराम नाबालिक जरिये संरक्षण माता रतनीदेवी मीणा निवासी लालासर तहसील कि0 रेनवाल, पिंकी देवी पत्नी विनोद, देवांशी पुत्री विनोद, प्रशान्त पुत्र विनोद निवासी लालासर तहसील कि0 रेनवाल, विनोद पुत्री बनवारीलाल मीणा, सीमा पुत्री बनवारीलाल मीणा निवासी लालासर तहसील कि0 रेनवाल, कोयली पुत्री स्व0 रामू जाति मीणा निवासी लालासार तहसील कि0 रेनवाल जिला जयपुर विरूद्ध वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 13/11/26 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान् प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपबद्ध की जाने वाली सुची मे प्रविष्टि करे।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई ओर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह नोटिस ता. 3010/26 को मेरे हस्ताक्षर से ओर न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत
उपखण्ड अधिकारी
किशनगढ रेनवाल

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना

(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक-4
श्रीमान् अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, खाजूवाला
इजराय 24/2024
आगामी तारीख 23.11.2026
रेवन्तराम विरूद्ध पेमाराम वगैरह
डिक्री निष्पादन हेतु आवेदन पत्र
(आदेश 21 नियम 11 सीपीसी)

प्रेषित :- पेमाराम पुत्र तेजाराम निवासी मूंथडा तहसील सुजानगढ जिला चुरू ।
प्रार्थी ने इस न्यायालय में संलग्न आवेदन प्रस्तुत किया कि क्यों ना प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जावें। अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप रेवंतराम पुत्र कल्याणराम निवासी 465 हैड तहसील छत्तरगढ जिला बीकानेर उस आवेदन डिक्री निष्पादन हेतु आवेदन पत्र (आदेश 21 नियम 11 सीपीसी) के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 23.11.2026 को 10.30 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेगें तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जायेगा। अगर आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति न्यायालय में दिनांक 23.11.2026 को प्रस्तुत कर सकते है।
यह आज दिनांक 03.11.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
मोहर अदालत
अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश
खाजूवाला

कायस्थ समाज ने चित्रगुप्त जयंती मनाई

जोधपुर । कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की जयंती बुधवार को शहर में भाई दूज के अवसर पर धूमधाम से मनाई गई। इस उपलक्ष्य में समाज की तरफ से शोभायात्राएं निकाली गई। शोभायात्राओं में सामाजिक जागरूकता एवं जनहित के विभिन्न संदेशों पर आधारित आकर्षक झांकियां शामिल हुई। चौपासनी कायस्थ समाज विकास संस्थान की ओर से भाई दूज पर भगवान चित्रगुप्त की 21वीं शोभायात्रा निकाली गई। सुबह गुरु प्रकाशानंद महाराज के मुख्य आतिथ्य में चौपासनी हाउसिंग बोर्ड 17 सेक्टर स्थित कायस्थ सामुदायिक भवन में समाज के सैकड़ों लोगों ने भगवान चित्रगुप्त की आरती कर 2101 कलम-दवात की पूजा की। बाद में उन कलम का प्रसादी के रूप में वितरण किया। पूजा के बाद अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा विभिन्न सेक्टरों से होते हुए दोपहर में वापस कायस्थ सामुदायिक भवन आकर विसर्जित हुई। उसके बाद यहां पर पूरे समाज के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में ट्रैक्टरों में समाज के 55 बच्चों ने शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण, सरस्वती, काला गोरा भैरव, फौजी, नवदूर्गा, शिवाजी, रामदेव सहित अनेक झांकी बने। शोभायात्रा का कायस्थ बंधुओं ने पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाज की मातृ शक्ति भी शामिल हुईं।

अधिकारियों की अनदेखी से बदहाल हुई जीवनदायिनी नहरें

पावटा। किसानों और आमजन के लिए जीवनदायिनी मानी जाने वाली नहरें आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही हैं। जिन नहरों के माध्यम से खेतों तक पानी पहुंचता था और किसानों की फसलें लहलहाती थीं, वही नहरें अब कचरा डालने का ठिकाना बनती जा रही हैं। अधिकारियों की कथित अनदेखी और नियमित सफाई के अभाव में नहरों की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। कई स्थानों पर नहरों में कचरे का ढेर जमा होने से वे डंपिंग यार्ड जैसी नजर आने लगी हैं।

नहरों में जगह-जगह प्लास्टिक, घरेलू कचरा और अन्य अपशिष्ट जमा होने से पानी के प्रवाह पर भी असर पड़ने की आशंका है। समय पर सफाई नहीं होने से गंदगी बढ़ती जा रही है। वहीं, नहरों के आसपास फैल रही अव्यवस्था से पर्यावरण और आसपास रहने वाले लोगों के लिए भी परेशानी खड़ी हो सकती है।

नहरें कृषि व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इनके माध्यम से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होता है, लेकिन वर्तमान स्थिति देखकर इनके रखरखाव को लेकर सवाल उठने लगे हैं। यदि समय रहते सफाई और देखरेख नहीं की गई तो नहरों की उपयोगिता प्रभावित हो सकती है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग की ओर से नियमित सफाई और निगरानी को लेकर प्रभावी कदम नजर नहीं आ रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जीवनदायिनी नहरों को डंपिंग यार्ड बनने से रोकने की जिम्मेदारी किसकी है? आखिर नियमित सफाई और कचरा डालने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही? क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से नहरों की तत्काल सफाई करवाने, कचरा डालने पर रोक लगाने और नियमित निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। अब देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी कब जागते हैं और नहरों को उनकी पुरानी उपयोगिता वापस दिलाने के लिए कदम उठाते हैं ।



नहरों में कचरा डालने से डपिंग यार्ड बन गई।

> ■ **पानी की जगह कचरे का अंबार, नहरें बनी डंपिंग यार्ड**
> ■ **कभी खेतों की प्यास बुझाने वाली नहरें आज कचरा डालने का ठिकाना बनीं, सफाई और रखरखाव के अभाव में अस्तित्व पर संकट**

प्रत्याशियों को प्रशिक्षण

अजमेर । राजस्थान में जिला परिषद चुनाव के बाद अब जिला प्रमुख के चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। अजमेर में भाजपा ने अपने जिला परिषद सदस्य पद के प्रत्याशियों को पार्टी कार्यालय में एकत्र करना शुरू कर दिया है। इसे जिला प्रमुख चुनाव से पहले पार्टी की रणनीतिक तैयारी के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि भाजपा पदाधिकारियों ने इसे बाड़ेबंदी मानने से इनकार करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम बताया है।

भाजपा के देहात जिलाध्यक्ष जीतमल प्रजापति ने बताया कि पार्टी के सभी प्रत्याशियों को प्रशिक्षण के लिए एकत्र किया गया है। उन्हें भाजपा की रीति-नीति और संगठन की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिला प्रमुख का चुनाव होने तक प्रत्याशियों को पार्टी की ओर से प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कोई बाड़ेबंदी नहीं है। वहीं, जिला प्रमुख चुनाव में मतदान करने वाले विजयी जिला परिषद सदस्यों को आगे कहां रखा जाएगा, इसका निर्णय प्रदेश स्तर पर लिया जाएगा। पार्टी नेतृत्व के निर्देश के अनुसार ही आगामी रणनीति तय होगी। दूसरी ओर, कांग्रेस ने अभी अपने जिला परिषद प्रत्याशियों को एकत्र नहीं किया है। कांग्रेस के देहात जिलाध्यक्ष एवं किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी ने बताया कि दीपावली का त्योहार अभी समाप्त हुआ है।



ओम बिरला का स्वागत

कोटा, (निसं)। दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर जवाहर मार्केट एसोसिएशन की ओर से व्यापारियों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। दीपक राजानी के नेतृत्व में मार्केट के व्यापारियों ने उत्साह और आत्मीयता के साथ लोकसभा अध्यक्ष का स्वागत किया। इस दौरान बाजार में दीपावली के उल्लास और उत्सव का माहौल देखने को मिला।